भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 05.06.2024

# आरेडिका में वृक्षारोपण कर मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में दिनांक 05.06.2024 को विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में इको कम जोगर्स पार्क में महाप्रबंधक श्री पी के मिश्रा तथा आरेडिका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती भारती मिश्रा ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण अभियान का प्रारम्भ किया।

इसी कड़ी में आरेडिका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती भारती मिश्रा ने आरेडिका के अस्पताल परिसर में महिला कल्याण संगठन की सदस्याओं के साथ वृक्षारोपण किया।

महाप्रबंधक महोदय ने अपने सम्बोधन में कहा कि वातावरण को स्वच्छ और सुन्दर बनाने के लिए वृक्षारोपण अवश्य करना चाहिए। वृक्षारोपण से जहाँ विभिन्न प्रकार के प्रदूषण से मुक्ति मिलती है तो वहीं दूसरी ओर साफ–सुथरे वातावरण का निर्माण होता है। प्लास्टिक प्रदूषण को रोकने के लिए कपड़े एवं जूट के थैलों के उपयोग का सुझाव दिया। भूमि की उर्वरा शक्ति को बढाकर मरूभूमि के विस्तार पर रोक लगाई जा सकती है। आज आरेडिका की पहचान एक हरित परिसर के रूप में हो रही है। वर्तमान समय में बढ़ती हुई ग्लोबल वार्मिंग में इस वृक्षारोपण के मायने समझ में आ रहे हैं कि पेड़ हमारे लिए कितने उपयोगी हैं।

चीफ इंजीनीयर श्री एसपी यादव, ने बताया कि आज अमलताश, गुलमोहर, कचनार, पाकड़, करेंज, चितवन, आदि के 2000 पौधों का रोपण किया गया। बरसात का मौसम प्रारम्भ होते सघन वृक्षारोपण का कार्य किया जाएगा।

इस अवसर पर आरेडिका के सीएओ श्री संजय कुमार कटियार, पीसीएमई श्री विवेक खरे, पीसीएमएम् श्री राजीव खण्डेलवाल, पीसीपीओ श्री रूपेश श्रीवास्तव, पीसीईई श्री हरीश चन्द्र,सहित उच्च अधिकारी और कर्मचारी ने वृक्षारोपण में सहभागिता की।

05/6/2024
(आर.एन.तिवारी )
मुख्य जन संपर्क अधिकारी